अजितेश संधू संयुक्त 25वें स्थान पर

क्वीन्सटाउन। अजितेश संधू पहले दौर में संयुक्त 25वें स्थान के साथ गुरुवार को यहां 100वें न्यूजीलैंड ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में भारतीय के बीच शीर्ष पर रहे। संधू ने अंतिम लम्हों में दो बोगी के बावजूद तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया। अन्य भारतीयों में शिव कपूर और खलिन जोशी दोनों दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त 42वें जबकि विराज मादप्पा (73) संयुक्त 110वें स्थान पर है। ए सभी पार 72 हिल कोर्स पर खेल रहे थे। एस चिक्कारंगप्पा (73) और राहिल गंगजी (71) क्रमशः 59वें और 87वें स्थान पर है। ए दोनों पार 71 के मिलब्रूक रिसार्ट कोर्स पर खेल रहे थे।

स्पेन में ट्रेनिंग ले रहे हैं युवा के 12 कोच

नई दिल्ली। लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहे झारखंड के गैर सरकारी संगठन युवा के दर्जन भर कोच स्पेन में रीड सोसिडाड फुटबाल क्लब में दो हफ्ते के फुटबाल ट्रेनिंग कार्यक्रम में हिस्सा रहे हैं। बुकमाईशो के चैरिटी अभियान बुकअस्माइल ने लारियस स्पोर्ट के साथ 12 फुटबाल कोचों को सहयोग देने का फैसला किया। इन कोचों को अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी जो स्पेनिश फुटबाल लीग ला लिगा में खेलने वाले क्लबों में से एक है। कोच इस अनुभव का इस्तेमाल भारत में टीमों को ट्रेनिंग देने में करेंगे। युवा के सह संस्थापक फ्रांज गास्टलर ने कहा, दस महिलाओं और दो पुरूषों का ग्रुप अनुभव लेकर झारखंड में नौ गांव में हर दिन खेल रही 450 लड़कियों को ट्रेनिंग देगा। जसजस

इंडियन एरोज ने मोहन बागान को 3-1 से हराया

कोलकाता। इंडियन एरोज ने गुरुवार को यहां आईलीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपने अभियान का मोहन बागान को 3-1 से हराकर किया। भारत के पूर्व मिडफील्डर मेहताब हुसैन अपने विदाई मैच में कप्तान के रूप में उतरे जिसके बाद बागान को 17वें मिनट में अजहरूद्दीन मलिक ने बढ़त दिला दी। एआईएफएफ की डेवलपमेंटल टीम एरोज ने हालांकि अंत पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 28वें मिनट में अभिजीत सरकार के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की और फिर राहुल केपी के 74वें मिनट) और स्थानापन्न खिलाड़ी रोहित दानु के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत 3-1 से जीत दर्ज की। इंडियन एरोज ने अपने अभियान का अंत 20 मैचों में 21 अंक के साथ किया। बागान के 19 मैचों में 26 अंक है।

दीपक ने जड़ा सोने का पंच

● भारत के मकरान कप मुक्केबाजी में एक स्वर्ण, पांच रजत पदक

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय चैंपियन दीपक सिंह (49 किग्रा) ईरान के चाबहार में मकरान कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय मुक्केबाज रहे जबकि पांच अन्य को फाइनल में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दीपक ने बुधवार रात हुए फाइनल में जाफर नसीरी को हराया। भारत के अन्य पांच मुक्केबाजों को हालांकि फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। पी ललित प्रसाद (52 किग्रा), राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मनीष कौशिक (60 किग्रा), दुर्योधन सिंह नेगी (69 किग्रा), संजीत (91 किग्रा) और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता सतीश कुमार (91 किग्रा से अधिक) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। राष्ट्रीय चैंपियनशिप मनीष को डेनियल शाह बक्श जबकि सतीश को मोहम्मद मलियास से हराया। संजीत को एल्डिन घोसोन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जबकि प्रसाद को ओमिदा साफा अहमेदी और दुर्योधन को सज्जाद जादेह केजिम ने हराया। इससे पहले रोहित टोकस (64 किग्रा) और मनजीत सिंह पंघल (75 किग्रा) ने सेमीफाइनल में हार के साथ कांस्य पदक जीते।

टेस्ट क्रिकेट खत्म नहीं हो रहा, इसे थोड़ा बढ़ावा देने की जरूरत: रिचर्डसन



एजेंसी। नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सीईओ डेव रिचर्डसन को नहीं लगता कि टेस्ट क्रिकेट ने अपनी चमका गंवा दी है लेकिन उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय प्रारूप को प्राशंसकों के बीच रुचि कायम रखने के लिए थोड़ा बढ़ावा देने की जरूरत है। रिचर्डसन का यह बयान आईसीसी के चेयरमैन शशांक मनोहर के हालिया बयान के बचाव में आया है जिन्होंने कहा था कि टेस्ट क्रिकेट धीरे धीरे खत्म हो रहा है। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने रिचर्डसन के हवाले से कहा, उनके (मनोहर के) कहने का मतलब था कि टेस्ट क्रिकेट को अधिक प्रासंगिकता की जरूरत है। उन्होंने कहा, हां, समय समय पर कुछ बेजोड़ मुकाबले होते रहते हैं लेकिन अगर आप प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों का हिस्सा या प्रशंसक नहीं है तो उस निश्चित श्रृंखला को लेकर असली रुचि (वैश्विक स्तर पर प्रशंसकों के बीच) नहीं होती। रिचर्डसन ने कहा, और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के शुरू होने से इसमें रुचि बढ़ेगी और टेस्ट मैचों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने में मदद मिलेगी फिर चाहे कोई भी टीम खेल रही हो। वह यही कह रहे थे: टेस्ट क्रिकेट को इसी अतिरिक्त बढ़ावे की जरूरत है, इसको बढ़ावा देने की जरूरत है और उम्मीद करते हैं कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप इसका जवाब होगी।

लैंगर ने कहा, फिंच अच्छा प्रदर्शन करेगा

बेंगलूर, । आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने गुरुवार को खराब फार्म से जूझ रहे आरोन फिंच का समर्थन करते हुए कहा कि सीमित ओवरों की टीम का यह कप्तान जल्द ही लय हासिल कर लेगा। फिंच की खराब फार्म टी20 में भी जारी रही और वह भारत के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में शून्य और आठ रन की पारियां ही खेल पाए जबकि आस्ट्रेलिया ने दोनों मैच जीतकर भारत में पहली बार टी20 श्रृंखला जीती।

वनडे में ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना अच्छा होगा : मैक्सवेल

बेंगलुरू। ग्लेन मैक्सवेल ने भारत के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आस्ट्रेलिया की सात विकेट की जीत में चौथे नंबर पर खेलते हुए 113 रन की विजई पारी खेली और कहा कि वह वनडे में ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे। मैक्सवेल वनडे में सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और हैदराबाद में दो मार्च से शुरू होने वाली पांच मैचों की वनडे श्रृंखला में वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना चाहेंगे। इस 30 साल के खिलाड़ी ने बुधवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में तीसरी शतकीय पारी खेली और भारत के खिलाफ श्रृंखला 2-0 से जीतने में अहम भूमिका अदा की। उन्होंने 55 गेंद में 113 रन की नाबाद पारी खेली। आज रात की बात करूं तो मैं जब बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर आया तो 15 ओवर खेलने बाकी थे। और जब तक मैं 80 या 100 रन की पारी खेल रहा हूं और अगर मैं यह छठे या सातवें पर बल्लेबाजी करते हुए कर रहा हूं तो यह मायने नहीं रखता। यह सिर्फ मौकों का फायदा उठाने के बारे में हैं। उन्होंने साथ ही कहा, यह इतना आसान नहीं है कि आओ और इस तरह का खेल दिखायो क्योंकि गेंद थोड़ी पुरानी हो चुकी होती है, विकेट भी यहां थोड़ा तेज हो जाता है।

नडाल को हराकर अकापुलको क्वार्टरफाइनल में पहुंचे किर्गियोस

अकापुलको (मेक्सिको)। आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने बुधवार को तीन मैच प्वाइंट बचाकर शीर्ष वरीयता प्राप्त राफेल नडाल को 3-6, 7-6, 7-6 से शिकस्त देकर मेक्सिको ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रहे नडाल को तीसरे सेट में 6-3 से बढ़त बनाने के बाद टाइब्रेकर में तीन मौके मिले लेकिन वह इनका फायदा नहीं उठा सके। अब इस तरह किर्गियोस का नडाल के साथ जीत का रिकार्ड 3-3 से बराबर हो गया और वह सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्टेन वावरिंका से भिड़ेंगे। स्विट्जरलैंड के तीसरी वरीयता प्राप्त वावरिंका ने 32 विनर जमाकर अमेरिका के स्टीव जानसन पर 7-6 6-4 से जीत हासिल की। महिलाओं के वर्ग में शीर्ष वरीय स्लोआने स्टीफंस भी टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। उन्हें ब्राजील की क्वालीफायर बीट्रिज हदाद माइया से 3-6 3-6 से पराजय झेलनी पड़ी। अब 22 वर्षीय हदाद माइया का सामना चीन की वांट याफान से होगा जो पुअर्तो रिको की मोनिका पुईग पर 4-1 से बढ़त बनाए थीं लेकिन प्रतिद्वंद्वी ने चोट के कारण हटने का फैसला किया। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका ने तातजाना मारिया को 6-2 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

चोटिल डेल पोत्रो इंडियन वेल्स से हटे

इंडियन वेल्स। गत चैम्पियन जुआन मार्टिन डेल पोत्रो ने घुटने की चोट के कारण अगले महीने होने वाले बीएनपी पारीबस ओपन से हटने का फैसला किया। डेल पोत्रो ने टूर्नामेंट के अधिकारियों के जरिए बुधवार को कहा कि उन्हे डाक्टरो ने आराम की सलाह दी है और वह जल्द ही वापसी करेंगे। उन्होने पिछले साल रोजर फेडरर को हराकर पहला मास्टर्स 1000 खिताब हासिल किया था। चौथी रैंकिंग पर काबिज अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी को फ्लोरिडा में पिछले हफ्ते हुए डेलरे बीच ओपन के क्वार्टरफाइनल में हार का मुंह देखना पड़ा था। अक्तूबर में शंघाई मास्टर्स में उनका घुटना चोटिल हो गया था, जिसके बाद डेलरे बीच ओपना उनका पहला टूर्नामेंट था। उन्होने इस हफ्ते अकापुलको में होने वाले मेक्सिकन ओपन से नाम वापस ले लिया था जिसमें पिछले साल उन्होने खिताब जीता था। वह जनवरी में आस्ट्रेलियन ओपन में भी नही खेले थे। उनके हटने से जापान के टारो डेनियल पुरूषों के ड्रा में शामिल हो जाएंगे।

दो अंक गवाने से दुखी, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने से आत्मविश्वास बढ़ेगा: मिताली

मुंबई। भारतीय महिला वनडे टीम की कप्तान मिताली राज इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में वाइटवाश नही कर पाने से निराश है लेकिन उन्होने कहा कि मौजूदा विश्व चैम्पियन पर 2-1 की जीत उनकी खिलाड़ियों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करेगी। मिताली आईसीसी महिला चैम्पियनशिप में दो अहम गंवाने से भी निराश थी। मेजबान टीम गुरुवार को तीसरे और अंतिम वनडे में इंग्लैंड से दो विकेट से हार गई। मिताली ने कहा, यह बहुत अहम भूमिका निभाता क्योंकि निश्चित रूप से हम पाकिस्तान से नही खेल रहे और सिर्फ एक और टीम है जिससे हमे खेलना है और वो वेस्टइंडीज है। मिताली ने कहा कि अब सिर्फ वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबला बचा है क्योंकि टीम श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो अंक गंवा चुकी है। हम कुल आठ अंक गंवा चुके है जबकि हम इन सभी श्रृंखला में इन दो अंको को हासिल करने की स्थिति में थे। इसलिए यह निराशाजनक है,

विश्व चैंपियन ओली को हराकर साक्षी फाइनल में

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने गुरुवार को मौजूदा विश्व चैंपियन फिनलैंड की पेत्रा ओली को हराकर बुल्गारिया के रूज में चल रही डेन कोलोव 2019 कुश्ती मीट के महिला 65 किग्रा फाइनल में जगह बनाई। यहां मिली जानकारी के अनुसार साक्षी ने ओली को सेमीफाइनल में 4-1 से हराया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में शुक्रवार को साक्षी का सामना स्वीडन की हेना योहानसन से होगा।

ECE INDUSTRIES LTD
ECE HOUSE 28 A KASTURBA GANDHI MARG , NEW DELHI ,110001
PUBLIC NOTICE LOSS OF CERTIFICATE

Notice is hereby given that the following certificates have been reported lost or misplaced or loss or stolen and the registered shareholder therefore applied to the company for the issues of duplicate share certificates the public hereby warned against purchasing or dealing in any way, with the mentioned shares certificates of any person(s) who have any claim in respect of the said share certificate should lodge such claim with the company at its registered office within 15 days of the publication of this notice ,after which no claim will be entertained and the company will not be responsible for any loss and company will proceed to issue duplicate share certificate.

Folio no	Certificate no	Distinctive no	No of shares
S000273(M889)	A04872	281838	2481887
S000273	A18743	3341587	3341611

Place – New Delhi
Date –01-03-2019
for ECE INDUSTRIES LTD
Sd/-

PUBLIC NOTICE

In pursuance of rule 19(2) of DCS Rules, 2007, applications are invited from General Public of Delhi who fulfill the conditions laid down in rule 19 & 20 of DCS Rules , 2007 for filling up Twenty Nine (29) vacancies in The Rajendra's Co-operative Group Housing Society Limited (Regn. No.1395/GH), which has risen against the expulsion order of Spec. Registrar vide letter No. F1/Reader/ SPLRCS/Sec-86/2018/280 dated 21.01.2019. Interested persons can collect the application forms from the society office at 212, 2nd Floor, Plot No.3, Pocket No. 6, Sector 12, Dwarka, New Delhi on dated 01.03.2019 from 10.00 am to 4.00 pm free of cost and same has to be deposited along with the amount of Rs. 8,12,528/- only which includes admission fees, share money & Land Money through Cheque/Demand Draft within 15 days of issue of this notice i.e. by dated: - 16.03.2019 upto 04.00 pm in favour of "The Rajendra's Co-Op G/H Society Ltd." at the society office.
Note: - The provisions of Rule 19 & 20 of DCS Rules, 2007 which relate to eligibility of members are printed on application form.

President
The Rajendra's Co-Op G/H Society Ltd.
212C, 2nd Floor, Plot No. 3, Pocket 6, Sector-12, Dwarka, New Delhi

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या
मुख्यालय,6वीं मंजिल,टावर 'सी' कमर्शियल काम्प्लेक्स, सी.बी.डी
सेक्टर 21, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) 492002
Phone : 0771-2425440 (E-mail:rk.nishad@markfed.nic.in)

क्रमांक/खाद प्रशा./40/7529/2019 रायपुर, दिनांक 27/02/2019
खरीफ 2019 हेतु रासायनिक उर्वरकों की ई-निविदा सूचना

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, मुख्यालय रायपुर खरीफ 2019 डी.ए.पी., एन.पी.के.12:32:16, पोटाश, सिंगल सुपर फास्फेट पाउडर एवं दानेदार, जिंकेटेड पाउडर क्रय करने हेतु विपणन संघ के निर्धारित ई-निविदा में (जिसमें विस्तृत निविदा निर्देश एवं शर्तें आदि वर्णित हैं) आमंत्रित की जाती है।
निविदा सूचना वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में जाकर संबंधित इच्छुक निविदाकर्ता ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निविदा-प्रपत्र में दर्शाए गए अनुसार ऑनलाइन भरी जा सकती है। निविदा प्रारुप तथा शर्तों एवं निबंधनों का अवलोकन विपणन संघ के वेबसाइट www.markfed.cg.nic.inपर निविदाकर्ता के अध्यन हेतु गाइडलाइन के रूप में उपलब्ध है। ई-निविदा की कार्यवाही के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए Mjunction में संपर्क किया जा सकता है Email:-helpdesk.cgeproc@mjunction.in, phone no.18004199140

G-90546/3
महाप्रबंधक (कृ.सा.)

भारत अंडर-19 टीम ने श्रृंखला 2-0 से जीती

● दक्षिण अफ्रीका को पारी व 158 रन से शिकस्त दी
● रेक्स, अंशुल की शानदार गेंदबाजी

एजेंसी। तिरूवनंतपुरम

भारतीय अंडर-19 टीम ने रेक्स सिंह (18 रन देकर चार विकेट) और अंशुल कम्बोज (20 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को पारी व 158 रन से शिकस्त देकर श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 152 रन बनाए थे जबकि मेजबान टीम ने इसके जवाब में यशस्वी जयसवाल (173 रन) और वैभव कंडपाल (120 रन) के शतकों की बदौलत 395 रन जोड़े। दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरी पारी में 85 रन पर ढेर हो गई। टीम ने दो विकेट पर 50 रन से खेलना शुरू किया था और 25 ओवर में 35 रन के अंदर आठ विकेट खो दिए। एंडिले मोकगाकाने (15) आउट होने वाले पहले खिलाड़ी रहे जो कम्बोज की गेंद पर विकेटकीपर व कप्तान सूरज आहुजा को कैच दे बैठे। कप्तान मैथ्यू मोंटगोमेरी रात के अपने 34 रन के स्कोर में केवल दो रन ही जोड़ सके और कम्बोज की गेंद पर विकेट के पीछे आहुजा को कैच देकर आउट हुए। पहली पारी में स्पिनर मनीषी और ऋतिक शौकीन ने कहर बरपाया था लेकिन दूसरी पारी में एक एक विकेट ही हासिल कर सके। मनीषी ने खतरनाक ब्रायस पार्सन्स (06) का विकेट प्राप्त किया। फिर मणिपुर के तेज गेंदबाज रेक्स ने ल्यूक ब्यूफोर्ट को पवेलियन भेजने के बाद सिया प्लाटीजी और लिफा एनटांजी के विकेट झटककर दक्षिण अफ्रीकी पारी को समेटा। भारत के महान खिलाड़ी राहुल द्रविड़ की कोचिंग वाली टीम खेल के सभी विभागों में दक्षिण अफ्रीका से कहीं बेहतर थी। मेहमान टीम यहां के हालात में भारतीय गेंदबाजों का सामना करने में जूझती दिखी।

अफगानिस्तान ने पहले वनडे में हासिल की जीत

● आयरलैंड को पांच विकेट से हराया

एजेंसी। देहरादून

गुलबदिन नैब के बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आयरलैंड को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की टीम दौलत जदरान (35 रन पर तीन विकेट) और मुजीब उर रहमान (14 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 49 . 2 ओवर में 161 रन पर सिमट गई। गुलबदिन ने भी 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। आयरलैंड की ओर से पाल स्टर्लिंग ने सर्वाधिक 89 रन बनाए लेकिन टीम के सिर्फ तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। जार्ज डाकरेल ने 37 जबकि केविन ओ ब्रायन ने 10 रन बनाए। अफगानिस्तान ने इसके जवाब में सलामी बल्लेबाज मोहम्मद शहजाद (43) और पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे गुलबदिन (46) की पारियों की बदौलत 41 .5 ओवर में पांच विकेट पर 165 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। जरतुल्लाह जजाई (25) और रहमत शाह (22) ने भी उम्दा पारियां खेली। बायड रैनकिन ने 48 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि सिमी सिंह, बैरी मैकार्थी और डाकरेल को एक-एक विकेट मिला। अफगानिस्तान ने इससे पहले तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया था।

चेन्नईयिन को हराकर एफसी गोवा दूसरे स्थान पर

पणजी। एफसी गोवा ने निचले पायदान पर चल रहे चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ1-0 की जीत के साथ गुरुवार को यहां इंडियन सुपर लीग तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया।गोवा की टीम के अब 34 अंक हो गए है जो बेंगलुरू एफसी के बराबर है। लेकिन हेड-टू-हेड मैचो में बेहतर प्रदर्शन के कारण बेंगलुरू की टीम शीर्ष पर है। मैच का एकमात्र गोल 26वें मिनट में गोवा के स्टार फेरान कोरोमिनास ने किया। यह उनका टूर्नामेंट में 14वां गोल है जिससे उन्होंने गोल्डन बूट की दौड़ में अपनी बढ़त और मजबूत की।

पीएसएल का पाकिस्तानी चरण निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार: पीसीबी

दुबई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष अहसान मनी ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) चार के लाहौर और कराची में होने वाले मैच भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण क्षेत्र में अनिश्चितता की स्थिति के बावजूद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगे।

PUBLIC NOTICE

To Be know to all that I Santosh Bawa w/o K.S.Bawa R/O-C4B/13/7, Janak Puri, New Delhi-110058 purchaser of Flat No.7, Block C-4-B, Pocket-13, Janak Puri, New Delhi has applied for conversion of the said Flat from lease hold to free hold in DDA. All the original documents i.e. allotment Letter, Possession Letter, NOC to electric and water connection and site possession letter of the above said flat have been lost. An NCR – LR No.734671/ 2019 dated 25.02.2019 to this effect has been lodged in Crime Branch Delhi. Any person(s) claiming my rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above name person at above address / Phone No.9811030729 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right interest, objection with respect to this property can personally inform or write to Deputy Director (LAB) Housing or Director (Housing) D Block Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PUBLIC NOTICE

It has been informed to me by my clients (1) Sh. Yogesh Bahel S/o Sh. Vishwamiter Bahel (ii) Smt. Meenu Bahel W/o Sh. Yogesh Bahel both are R/o House no. E-1/4 Model Town, Part-I Delhi-110009 (iii) Sh. Sanjay Kumar Gupta S/o Sh. Ram Avatar and (iv) Smt. Anuradha Gupta W/o Sh. Sanjay Kumar Gupta both R/o House no. 70 Kalyan Vihar, Delhi-110009 do hereby inform the General public at large that they are jointly and Collectively owner(s) of property bearing no. A-8/42 Rana Pratap Bagh, Delhi-110007 vide sale deed duly registered as document registration no. 7368, in additional book no 1 volume no. 2825 on page from 181 to 1888 dated 29.05.2010 and vide sale deed duly registered as document registration no. 7667 in additional book no. 1, volume 2836 on page from 184 to 189, dated 03.06.2010 with the office of the Sub-Registrar, Sub-District no. VI-A Pitampura New Delhi respectively. They have Lost the original sale deed/ Conveyance deed dated 03.06.1952 registered as document no. 2374, in additional book no. 1, volume no. 207, pages 69 to 70 dated 3.6.1952 with the office of the Sub-Registrar, Delhi in the favour of Sh. Mansa Ram S/o Udhu Dass.Now they have reconstructed the land as per the prevailing norms and want to sell the indivual floors to separate/ different person(s). Therefore any person(s) having claim in respect of the above referred property or part thereof by way of sale,exchange, mortgage,charge, gift, maintenance, inheritance, possession, lease, tenancy, sub tenancy, Lien, License, hypothecation, transfer of title or beneficial interest under any trust, right of prescription or pre-emption or under any Agreement or disposition or under any decree order or awarded otherwise claiming,encumbrances whatsoever howsoever are hereby requested to make the same known in writing together with supporting document to the undersigned at their office within a period of 7 days (both days inclusive) of the publication hereof failing which the claim of such persons will deemed to have been waived and/or abandoned.
Rajesh Sharma, Advocate
Ch. no. V-24 (Opp. State Bank of India), Tis Hazari Courts, Delhi-110054

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of Mrs. Shabana Vohra W/o Mr. Sanjay Vohra who is purchasing the Entire Second Floor(without roof rights), (said Floor), Built up Property Bearing No.105/2, area measuring 85.5 Sq. Yds. (22'x35'), in Khasra No.600/92, situated at Govindpuri, New Delhi from Mr. Ranjeet Singh and further will be mortgaging against the Financial assistance from Vastu Housing Finance Corporation Ltd. To comply the requirements of bank/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and /or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 08 days from the date of this notice at below address:
Lucem Legal LLP
269, Rama House, Ground Floor, Majid Moth, Opp Uday Park, South Ex-II, New Delhi-49 #011-40046316

RO : CHIRAG DELHI
Phone : 011-26011525
E-mail : B01504@pnb.co.in
POSSESSION NOTICE

The undersigned being the authorized officer of the Punjab National Bank, Branch Chirag Delhi, New Delhi under the Securitisation & Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Act 2002. [54 of 2002] and in exercise of powers conferred under section 13 (4) read with rule 9 of Security interest [Enforcement] Rules, 2002 issued a demand notice dated july 18, 2018 calling upon the borrower Mr. Zakir Hussain s/o Mr. Shabbir Khan & Mrs. Farzana w/o Mr. Zakir Hussain to repay the amount mentioned in the notice being Rs. 15, 21,415/- (Rupees fifteen lac twenty one thousand four hundred fifteen only) within 60 days from the date of receipt of the said notice.

The borrower having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and the public in general that the undersigned has taken prossession of the property described herein below in exercise of power conferred on him/ her under section 13(4) of the said act read with rule of 9 of the said Rules on this 25 day of February of the year. 2019.

The borrower in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and dealings with the property will be subject to the charge of the Punjab National Bank. B.O. Chirag Delhi, New Delhi for an amount of Rs. 15,21,415/- and interest thereon.

Description of the immovable property

All that part and parcel of the property consisting of built up of first floor of property bearing no. 1386/8, erected on Plot of Land measuring area 55 sq yards out of Khasra No. 93, Situated at Gali No. 8, Govind Puri, Kalkaji New Delhi - 110019

Bounded :
On the North : Part of 1357/8
On the South : Remaining portion of property 1387/8
On the East : Gali No.8
On the West : Other's Property

Authorised officer
Punjab National Bank
BO : Chirag Delhi, Sheikh Sarai, Phase - I Triveni Commercial Complex New Delhi
Date : February 25, 2019
Place : New Delhi

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण के संज्ञान में लाया जाता है कि श्री विजय नागपाल और श्री सुमित नागपाल, दोनों ही ए-152, न्यू मोती नगर, नई दिल्ली-110015 के निवासी हैं, ने मैसर्स एस. एस. फैशन्स, एफ-137, मेन मार्केट, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 के पार्टनर के तौर पर 30.11.2017 से त्यागपत्र दे दिया है। ये व्यक्ति साझेदारी फर्म में प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं और इनके साथ कोई भी संव्यवहार करेगा तो वह इसे अपने जोखिम पर करेगा।
मैसर्स एस.एस. फैशन
नई दिल्ली
फर्म पंजीकरण संख्या फर्म/पश्चिम/2015/1101
दिनांक: 28.04.2015

PUBLIC NOTICE

To Be know to all that I K.S.Bawa S/O H.S. Bawa R/O C4B/13/9, Janak Puri, New Delhi-110058 allottee of Flat No.9, Block C-4-B, Pocket-13, Janak Puri, New Delhi has applied for conversion of the said Flat from lease hold to free hold in DDA. All the original documents i.e. allotment Letter, Possession Letter, NOC to electric and water connection and site possession letter of the above said flat have been lost. An NCR–LR No.734660/2019 dated 25.02.2019 to this effect has been lodged in Crime Branch Delhi. Any person(s) claiming my rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above name person at above address / Phone No.9999384944 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right interest, objection with respect to this property can personally inform or write to Deputy Director (LAB) Housing or Director (Housing) D Block Vikas Sadan, INA, New Delhi.

वायु नंदन फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय :- बी -6, गणपति अपार्टमेंट, 6 अलीपुर रोड, सिविल लाइंस, नई दिल्ली -110054
CIN- U65993DL1992PTC045189, Contact no. – 9310662898 email- drg009@gmail.com

जन सूचना

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि कंपनी वायु नंदन फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी है, जिसका बी -6, गणपति अपार्टमेंट, 6 अलीपुर रोड, सिविल लाइंस, नई दिल्ली - 110054 में पंजीकृत कार्यालय है| कंपनी के प्रबंधन में बदलाव का प्रस्ताव है, यानी श्री संदीप राठी कंपनी के मौजूदा निदेशक इस्तीफा दे देंगे और श्री धीरज बोथरा कंपनी में नए निदेशक के रूप में काम करेंगे| कोई भी व्यक्ति जिसके हित कंपनी के निर्देशन के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपनी आपत्ति को भारतीय रिज़र्व बैंक, गैर बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, 6 संसद मार्ग, नई दिल्ली -110001 को उसके हित के लिए जो एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित हो सूचित करें, इस नोटिस के प्रकाशन के 14 दिनों के भीतर आवेदक कंपनी को एक कॉपी के साथ उसके पंजीकृत कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा भेजा जा सकता है।

दिनांक: 26/02/2019
स्थान: दिल्ली
वायु नंदन फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
शैली राठी
निदेशक
डी. आई. एन- 00286531

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank
मिड कार्पोरेट शाखा
7, सेठी भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
ई-मेल : 9187/syndicatebank.co.in
फोन : 011-25747942, फैक्स : 011-25747942

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)*
(अधिनियम – नियम 8(1) के तहत परिशिष्ट-4)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने सिंडिकेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 06-12-2018 जारी की थी, जिसमें कर्जदार तथा सम्पत्ति के स्वामी श्री/श्रीमती श्री पीयूष जैन, 22वां तल/17224, एटीएस एडवांटेज, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014, जमानती श्रीमती सुषमा जैन पत्नी श्री पीयूष जैन, 22वां तल/17224, एटीएस एडवांटेज, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014 से भी सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि रू. 2,15,56,523.15 (रू. दो करोड़ पंद्रह लाख छप्पन हजार पांच सौ तेईस तथा पैसे पंद्रह मात्र) का भुगतान 24-10-2018 से ब्याज के साथ, उक्त सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार/जमानती/सम्पत्ति स्वामी उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार/जमानती/सम्पत्ति स्वामी और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा 21 फरवरी, 2019 को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
कर्जदार/जमानती/सम्पत्ति स्वामी को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार सिंडिकेट बैंक, एमसीबी : नेताजी सुभाष प्लेस (बीआईसी : 9197) की बकाया राशि रू. 2,15,56,523.15 (रू. दो करोड़ पंद्रह लाख छप्पन हजार पांच सौ तेईस तथा पैसे पंद्रह मात्र) का भुगतान उस पर 24-10-2018 से ब्याज के साथ करने के बाद ही किया जा सकता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

क) श्री/श्रीमती श्री पीयूष जैन द्वारा मूल पट्टा विलेख दिनांकित 20-12-2016, जो बही नंबर 1, जिल्द 14279 पेज 149 से 238 तक नंबर 7779 पर दिनांक 27-12-2016 को पंजीबद्ध है, द्वारा अर्जित औद्योगिक क्षेत्र साइट-4, साहिबाबाद, परगना/तहसील गाजियाबाद में स्थित भूखंड सं. 14/6/1, परिमाप 332.71 वर्ग मीटर।
चौहद्दी :
1. पूरब : भूखंड सं. 14/6/2, 3. उत्तर : भूखंड सं. 15/11
2. पश्चिम : भूखंड सं. 14/15 तथा 14/16 (पार्ट) 4. दक्षिण : 40 फीट चौड़ी रोड
ख) श्री/श्रीमती श्री पीयूष जैन द्वारा मूल पट्टा विलेख दिनांकित 20-12-2016, जो बही नंबर 1, जिल्द 14279 पेज 149 से 238 तक नंबर 7779 पर दिनांक 27-12-2016 को पंजीबद्ध है, द्वारा अर्जित औद्योगिक क्षेत्र साइट-4, साहिबाबाद, परगना/तहसील गाजियाबाद में स्थित भूखंड सं. 14/16/1, परिमाप 332.71 वर्ग मीटर।
चौहद्दी :
1. पूरब : भूखंड सं. 14/17 3. उत्तर : भूखंड सं. 15/11
2. पश्चिम : भूखंड सं. 14/16/1 4. दक्षिण : 40 फीट चौड़ी रोड

तिथि : 22-02-2018
स्थान : दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
सिंडिकेट बैंक

परफेक्टपैक लिमिटेड
सीआईएन : एल72100डीएल1972पीएलसी005971
पंजीकृत कार्यालय : 910, चिरंजीव टावर, 43-नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
फोन : 011-26441015 – 17 फैक्स : 011- 26441018
ई-मेल आईडी : complianceofficer@perfectpac.com,
वेबसाइट : www.perfectpac.com,

डाक मतदान हेतु सूचना

कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 110 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, समय समय पर संशोधित, के अनुसरण में कम्पनी 28 फरवरी, 2019 को
(i) डाक मतदान की सूचना उन सदस्यों को ई-मेल कर चुकी है, जिनकी ई-मेल आईडी डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीबद्ध हैं ; तथा
(ii) डाक मतदान की सूचना डाक मत पत्र तथा एक स्व पता लिखित डाक खर्च पूर्व प्रदत्त व्यवसाय जवाबी लिफाफे के साथ उन सदस्यों को प्रेषित करने का कार्य पूर्ण कर चुकी है, जिनके द्वारा ई-मेल आईडी पंजीबद्ध नहीं करवाई गई हैं।
डाक मतदान सूचना दिनांकित 26 फरवरी, 2019 निम्नलिखित मामलों के लिए कम्पनी के सदस्यों का अनुमोदन डाक मतदान, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग शामिल है, के माध्यम से मांगने हेतु भेजी गई है :

मद सं.	विशेष प्रस्ताव का वर्णन
1.	कम्पनी के नॉन एग्जीकुटिव एवं नॉन इंडिपेन्डेनट डायरेक्टर के रूप में श्री राजेन्द्र कुमार राजगढ़िया (डीआईएन : 00141766) की डायरेक्टरशिप जारी रखना

मताधिकार की गणना आरटीए/एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा अनुरक्षित सदस्यों की पंजिका/लाभार्थी स्थिति के अनुसार विच्छेदन तिथि (कट ऑफ डेट अर्थात शुक्रवार, 22 फरवरी, 2019 को सदस्य के नाम में पंजीकृत इक्विटी शेयरों के प्रदत्त मूल्य के आधार पर की जाएगी। कोई व्यक्ति, जो विच्छेदन तिथि को सदस्य नहीं है, को यह सूचना "जानकारी मात्र के निमित्त" समझनी चाहिए।
कम्पनी सदस्यों को डाक मतदान सूचना में दिए व्यवसाय पर वोट देने के उनके अधिकार का प्रयोग करने के लिए ई-वोटिंग की सुविधा नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के माध्यम से प्रदान कर रही है। उक्त सूचना वोटिंग के लिए अनुदेश सहित कम्पनी की वेबसाइट www.perfectpac.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। सदस्य वोटिंग की केवल एक विधि अर्थात भौतिक मत पत्र द्वारा अथवा ई-वोटिंग द्वारा मतदान की विधि चुन सकता है। यदि कोई सदस्य अपना वोट भौतिक मत पत्र और ई-वोटिंग दोनों द्वारा डालता है तो ई-वोटिंग मान्य होगी तथा भौतिक मतदान अवैध माना जाएगा। डाक मत पत्र प्राप्त नहीं होने के मामले में, सदस्य complianceofficer@perfectpac.com पर अनुरोध मेल भेज सकते हैं।
डाक मत पत्र तथा ई-वोटिंग द्वारा वोटिंग की अवधि शुक्रवार 1, मार्च, 2019 को पूर्वा. 09.00 बजे आरंभ होगी तथा शनिवार 30, मार्च, 2019 को अप. 05.00 बजे समाप्त होगी। उक्त समय के बाद डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों (ई-वोटिंग) द्वारा मतदान की अनुमति नहीं होगी। सदस्यों से यह नोट करने का अनुरोध है कि विधिवत पूरित तथा हस्ताक्षरित डाक मत पत्र संवीक्षक – श्री रवि शर्मा (मेंबरशिप नंबर एफसीएस 4468 एवं सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस नंबर 3666), पार्टनर, मैसर्स आरएसएम ऐंड कम्पनी, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सेक्रेटरीज, के पास शनिवार 30, मार्च, 2019 को अप. 05.00 बजे अधिकतम तक पहुंच जाना चाहिए। शनिवार 30, मार्च, 2019 को अप. 05.00 बजे के बाद प्राप्त डाक मत पत्र वैध नहीं माने जाएंगे।
डाक मतदान का परिणाम चेयरमैन अथवा उनके द्वारा अधिकृत किसी अन्य डायरेक्टर द्वारा सोमवार, 1, अप्रैल, 2019 को अप. 05.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय : 910, चिरंजीव टावर, 43-नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019 में घोषित किया जाएगा। उक्त परिणाम कम्पनी की वेबसाइट www.perfectpac.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर प्रदर्शित किए जाएंगे तथा उनकी सूचना बीएसई लिमिटेड और कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को संवीक्षक की रिपोर्ट सहित दी जाएगी।
डाक मतदान (ई-वोटिंग सहित) द्वारा वोटिंग के संबंध में किसी संदेह/शिकायत की स्थिति में, सदस्यों से www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड्स सेक्शन्स में उपलब्ध सदस्यों के लिए बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू'ज) तथा ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देखने अथवा टोल फ्री नम्बर : 1800-222-990 पर सम्पर्क करने अथवा अपेक्षा जैन कम्पनी सेक्रेटरी, फोन नंबर 011-26441016 पर सम्पर्क करने का अनुरोध है।
सदस्यगण पारित किए जाने हेतु प्रस्तावित प्रस्ताव के संबंध में किसी पूछताछ के लिए अधोहस्ताक्षरी से 910, चिरंजीव टावर, 43-नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019 में सम्पर्क करें अथवा complianceofficer@perfectpac.com को ई-मेल लिखें।

वास्ते परफेक्टपैक लिमिटेड
दिनांक : 1 मार्च, 2019
स्थान : नई दिल्ली
अपेक्षा जैन
कम्पनी सेक्रेटरी

RESEARCH DESIGNS & STANDARDS ORGANISATION, LUCKNOW
E- tender (Open bid invitation)notice no. 01/2019

Director/Stores on behalf of President of India invites Open tender through E-procurement system for the supply of the following items-

SI	E-tender Number	Qty	Cost of Bid Doc.	EMD Cost	Due Date
1.	02195017	As per Tender	NIL	Rs.177890.00	29-03-2019 [Friday]
Description	"Supply, Installation,Training and Support with upgrade one year soild works professional software as per specification.				

For latest details of tender conditions and Corrigendum issued in tender, if any. please Visit IREPS website www.ireps.gov.in & Bidders are required to submit their offer only on-line through the web portal of IREPS. Manual offers against E-tender will not be accepted.
Executive Director/PStores/RDSO/Lucknow